कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कानपुर नगर।

पत्रांक – एम0डी0एम0/ 13069-82 /2010–11 दिनांक 20/1/11

सेवा में

सचिव,

1. जन कल्याण परिषद, 139–एन ब्लाक किदवई नगर कानपुर नगर।
2. श्री बालाजी महाराज ग्रामोद्योग सेवा संस्थान लखनऊ ।
3. युवाग्राम विकास समिति, सी0 30,श्यामनगर, कानपुर।
4. अरूण ग्रामोद्योग संस्थान 128/168 एच–1 किदवई नगर, कानपुर नगर।
5. प्रकाश शिक्षण एवं समाज सेवी संस्थान, 41 बी0 उजियारिन पुरवा ख्योरा, नवाबगंज कानपुर।
6. शान्ति समाज सेवा समिति,(फर्रुखाबाद) 620/165, डब्लू ब्लाक, तुलसी विहार, केशवनगर कानपुर।
7. वर्ल्ड वेलफेयर सोसायटी, श्रावस्ती शाखा कार्यालय 7/78 तिलक नगर कानपुर।
8. निर्बल सेवा संस्थान (लखनऊ)स्था0पता–105/562 ए, श्रीनगर ,कानपुर।
9. बापू ग्रामीण विकास संस्थान,(सरायमीरा कन्नौज) 396 वायू विहार, हर्जेन्दर नगर, कानपुर।
10. सुभाष चिल्ड्रैन सोसायटी, 352/5, बाबूपुरवा किदवई नगर कानुपर।

विषय– दिनांक 25.01.2011 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में एम0डी0एम0 कार्य में संलग्न स्वयं सेवी संस्थाओं की बैठक के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पत्रांक एम0डी0एम0 10954–10966/2010–11 दिनांक 27.11.2010 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से आपको जनपद के शहरी क्षेत्र /टाउन एरिया के विद्यालयों में एम0डी0एम0 वितरण का कार्य इस प्रतिबन्ध के साथ आवंटित किया गया था कि जिलाधिकारी महोदय द्वारा गठित टास्क फोर्स की रिपोर्ट के आधार पर संतोषजनक कार्य पाये जाने पर अगले माह के लिये अनुबन्ध बढायें जाने पर विचार किया जायेगा।

उक्त के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा गठित टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा निरीक्षण रिपोर्ट प्राप्त करा दी गयी है, जिनके विश्लेषण हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित संस्थाओं के पदाधिकारियों (अध्यक्ष/सचिव) की बैठक दिनांक 25.01.2011 को सायं 06:00 बजे कैम्प कार्यालय में आहूत की गयी है जिसमे आप मध्यान्ह भोजन से सम्बन्धित समस्त अभिलेख यथा दैनिक स्टाक पंजिका, खाद्यान्न का उपभोग प्रमाण पत्र, खाद्यान्न एवं परिवर्तन लागत की प्राप्ति के सापेक्ष व्यय के अभिलेख, रसोइयों के मानदेय भुगतान से सम्बन्धित अभिलेख, प्रयोग किये जाने वाली खाद्य सामग्री के बिल बाउचर आदि के साथ स्वयं उपस्थित होना सुनिश्चित करें। किसी भी दशा में अपने स्थान पर किसी प्रतिस्थानी को न भेजे, साथ ही यह भी सूच्य है कि उक्त बैठक में प्रतिभाग करने से पूर्व दिनांक 24.01.2011 को सायं 03:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर समस्त अभिलेखों को अवलोकित कराना सुनिश्चित करें।

20/1/11 Dy. BSA

ह0 जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
कानपुर नगर। 20/1/11

पृ0सं0 – एम0डी0एम0/ /2010–11 तददिनांक।

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. जिलाधिकारी, कानपुर नगर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, कानपुर नगर।
3. जिलापूर्ति अधिकारी/जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, कानपुर नगर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।
4. नगर शिक्षा अधिकारी/समस्त सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी कानपुर नगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि एम0डी0एम0 से सम्बन्धित समस्त सूचनाओं सहित बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
कानपुर नगर।